संख्या–1311/पॉच–5–2020

प्रेषक,

अमित मोहन प्रसाद,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ0प्र0।

चिकित्सा अनुभाग–5 लखनऊ; दिनांक 20 जून, 2020

विषयः–कोविड–19 से संकमित मरीजों की मृत्यु से संबंधित आंकड़े पोर्टल पर फीड किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–आर–225/सी0एम0–2/2020, दिनांक 18.06.2020 (प्रति संलग्न) का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कोविड–19 से संक्रमित मरीजों की मृत्यु से संबंधित वास्तविक आंकड़े पोर्टल पर फीड किये जाने के संबंध में विभिन्न कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– तत्क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 से संक्रमित मरीजों की मृत्यु से संबंधित आंकड़े पोर्टल पर फीड किये जाने के संबंध में निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें:–

1. कोविड–19 से संक्रमित मरीजों की मृत्यु से संबंधित वास्तविक आंकड़े ही पोर्टल पर फीड किया जाए।
2. यदि पूर्व में घटित मृत्यु के प्रकरणों की फीडिंग नहीं की गयी है तो उसे अगले 24 घण्टे में फीड किया जाए एवं समय से फीडिंग न करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए, उनकी सूचना शासन को उपलब्ध करायी जाए।
3. जिला अस्पताल एवं निजी चिकित्सालयों के अधीक्षक/प्रबन्धक कोविड–19 से संक्रमित मरीजों की मृत्यु के संबंध में सही सूचना फीड कराने हेतु जिम्मेदार होंगे।
4. चिकित्सालयों के स्तर से ही मरीज के गृह जनपद की सही जानकारी फीड किया जाए।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय,
20.6.20
(अमित मोहन प्रसाद)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–1311(1)/पांच–5–2020, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
5. निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0, लखनऊ।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
20/6/2020
(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

20/06/2020
20/06/2020
Pankaj/GO/COME-3

रे०-1311/vi-5-20

संख्या 155 (1) / पी०एस०एम०एच० / 2020

कार्यालय

मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या R-225/CM-2/2020 दिनांक 18-06-2020

विगत दिनों में लगातार यह देखा जा रहा है कि मा0 मुख्य मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के मृत्यु सम्बन्धित ऑकड़े एवं वास्तविक रूप से घटित मृत्यु के आकड़ों में विरोधाभास होता है। दिनांक 17.06.2020 को प्रस्तुत की गई सूचनानुसार, दिनांक 16 जून, 2020 को कोविड से संक्रमित 30 मरीजों की मृत्यु हुई है, जबकि वास्तविक रूप से यह संख्या काफी कम थी।

मा0 मुख्य मंत्री जी ने इस पर घोर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मृत्यु से सम्बन्धित वास्तविक ऑकड़े ही पोर्टल पर फीड किए जाएं एवं उसी के अनुसार सूचना उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। पूर्व में घटित मृत्यु के प्रकरणों में यदि फीडिंग अब तक नहीं की गई है, तो उसे अगले 24 घण्टो में पूर्ण कराया जाने एवं समय से फीडिंग न करने पर जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए। मृत्यु के सम्बन्ध में सही सूचना फीड करने हेतु यथास्थिति जहाँ मृत्यु होती है वहाँ के चिकित्सा संस्थान के प्राचार्य, प्राईवेट एवं जिला अस्पताल के अधीक्षक को जिम्मेदार बनाया जाए। मा0 मुख्य मंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के स्तर से ही मरीज के गृह जनपद की सही जानकारी फीड किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

18.06.2020

(एस०पी० गोयल)
प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश शासन।

18-06-2020 प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उ0प्र0 शासन।

2. प्रमुख सचिव,
चिकित्सा शिक्षा,
उ0प्र0शासन।

20/6/20

20/06/2020